भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 294**

**23 मार्च, 2022 के लिए प्रश्न**

**भारतीय खाद्य निगम द्वारा चावल की खरीद**

***294. डॉ. राजदीप राय:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा असम में की गई चावल की खरीद की स्थिति क्या है;

(ख) क्या असम से खरीद की मात्रा बढ़ाए जाने की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो इसकी मात्रा कितनी बढ़ाए जाने की संभावना है और उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

**लोक सभा में दिनांक 23 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 294 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण**

**(क):** राज्य में खरीद न केवल उत्पादन पर निर्भर है अपितु कई अन्य कारकों जैसे विपणन योग्य अधिशेष, प्रचलित बाज़ार दर, मांग तथा आपूर्ति की स्थिति आदि पर भी निर्भर करती है।

खरीफ विपणन मौसम (केएमएस) 2021-22 के दौरान, असम में खरीफ फसल के लिए धान की खरीद की अवधि 01 दिसम्बर, 2021 से 30 जून, 2022 तक है और रबी फसल के लिए खरीद की अवधि 01 जुलाई, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक है। खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के दौरान दिनांक 14.03.2022 तक 0.95 लाख टन धान की खरीद की गई है।

**(ख) से (घ):** भारत सरकार/भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से असम राज्य में धान की खरीद को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। खरीफ विपणन मौसम 2020-21 के दौरान 2.11 लाख टन धान की खरीद की गई थी। तथापि, खरीफ विपणन मौसम 2021-22 के लिए असम राज्य के संबंध में 10 लाख टन धान की खरीद का अनुमान निर्धारित किया गया है, जो 2.11 लाख टन धान की विगत वर्ष में खरीद से अधिक है।

******